उत्पात

**38 दिनों से हाथियों का कहर जारी, खेतों में लगी फसलों को बनाया आहार, मकानों में की तोड़फोड़**

# जंगल में हाथी ने ग्रामीणों को दौड़ाया, 3 घायल

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में तीन हाथियों का कहर 38 दिनों से निरंतर जारी हैं। बुधवार-गुरूवार की रात खेतों में लगी फसलों, घरों एवं वनविभाग की फेंसिंग व गेट में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया है। रात में हाथी देखने जंगल गए ग्रामीणों को हाथी ने चिघांड मारकर दौडाया, जिससे दो-तीन युवक गिर कर घायल हुए हैं।

तीन हाथियों का समूह छत्तीसगढ़ से अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर के ग्रमीण क्षेत्रों में निरंतर विचरण कर रहे हैं। विगत 6 दिनों से अनूपपुर वन परिक्षेत्र के वन बीट पोंडी एवं खांडा के मध्य स्थित जंगल में दिन के समय अपना डेरा जमाये हुए हैं। बुधवार-गुरूवार की रात जंगल से निकल कर खांड़ा, पोंडी, मानपुर व बरबसपुर गांव में किसानों के खेतों लगी फसलों को आहार बनाते हुए नुकसान पहुचाया हैं।



## गेहूं की फसल कर रहे चौपट

शिवदयाल सिंह निवासी बरबसपुर के मानपुर गांव के छकौड़ीटोला में स्थित खेतों में लगी गेहूं की फसल को रात होते ही आहार बना रहे हैं। इसी दौरान मानपुर निवासी भूमेश दुबे के खेत में भी गेहूं की फसल को देर रात अचानक हाथी पहुंचकर घर का दरवाजा एवं फेंसिंग वायर तोड़कर गेहूं की फसल को खाया, एक दिन पूर्व पोंडी गांव के छुहाईटोला निवासी लूसन सिंह के बाडी में तीनों हाथी प्रवेश कर कच्चे घर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## कई जगह की तोड़फोड़

हाथियों द्वारा जंगल से गांव की ओर आने एवं सुबह होने पर विभिन्न गांव में विचरण करने बाद वापस जंगल जाते समय रास्ते में वन विभाग द्वारा किए गए पौधा रोपण की सुरक्षा हेतु लगाए गए फेंसिंग वायर एवं आरसीसी खम्बों को और मुख्य गेट में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। देर रात तीनों हाथी खांडा एवं पोंड़ी के जंगल से निकलकर अनूपपुर-जैतपुर मुख्य मार्ग को पार कर पोंडी गांव के छुहाईटोला पहुंचे।

## गश्ती दल कर रहा निगरानी

जंगल जाते समय हाथियों को देखने के लिए काफी संख्या में एकत्रित ग्रामीणों पर एक हाथी द्वारा तेजी से चिंघाड़ते हुए दौड़ाये जाने पर दो-तीन युवक गिरकर घायल हुए, हाथियों के निरंतर विचरण करने एवं नुकसान करने से ग्रामीण भयभीत एवं परेशान हैं। हाथियों के विचरण एवं आमजनों की सुरक्षा को देखते हुए गश्ती दल निरंतर निगरानी कर रहा है।



# दो बाइक की भिड़ंत, 4 घायल

**राहगीरों ने स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में कराया भर्ती**

**अनूपपुर नवभारत 29 जनवरी।** जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में गुरूवार की शाम रीवा-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर दो बाइक की आपस में भिड़ंत होने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में भर्ती कराया गया है। घटना राजेंद्रग्राम थाना से लगभग 5 किलोमीटर दूर लांघाटोला गांव के पास हुई।

जानकारी अनुसार रीवा-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर दो बाइकों की आपस में भिड़ंत के बाद चारों घायल सड़क पर पड़े रहे। जिन्हें वहां से गुजर रहे राहगीरों ने देखा और मदद की। सभी घायल बेहोशी की हालत में अस्पताल लाए गए, जिसके कारण उनकी पहचान और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी तत्काल सामने नहीं आ सकी है। मददगारों में से एक आनंद शर्मा ने बताया कि वह राजेंद्रग्राम की ओर जा रहे थे, तभी लांघाटोला मुख्य मार्ग पर दो लोगों को घायल अवस्था में देखा, जो उठने में असमर्थ थे।


## घायल बयान देने की स्थिति में नहीं है : कोल

स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें वाहन से स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ पहुंचाया, साथ ही अन्य राहगीरों ने भी स्वयं के वाहनों से शेष घायलों को अस्पताल पहुंचाया। राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी पीसी कोल ने बताया कि मामले की जांच के लिए पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है।अस्पताल से तहरीर मिलने और घायलों के बयान दर्ज होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, घायल बयान देने की स्थिति में नहीं हैं, होश आने पर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे।

# रेलवे स्टेशन अमलाई में ठेकेदार कर रहा मनमानी

**अनूपपुर नवभारत 29 जनवरी।** अमलाई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2, 3 में चल रहे मेंटेनेंस कार्य, पेवर ब्लॉक एवं फर्शीकरण के कार्य में घोर लापरवाही देखने को मिली जिसमें रेलवे के ठेकेदार के द्वारा मैनुअल तरीके से कार्य नहीं करते हुए मशीनरी का उपयोग अति संवेदनशील एवं प्रवेश निषेध जगह पर ट्रैक्टर वाहन एवं जेसीबी मशीन का उपयोग खुदाई के लिए किया जा रहा है, जो कि रेलवे के नियम के अनुसार दंडनीय अपराध है।

ठेकेदार द्वारा प्लेटफार्म में ट्रैक्टर को उपयोग में लाया जा रहा है, साथ ही रेलवे लाइन पर लगी पाइप लाइन के पानी का उपयोग ठेकेदार द्वारा अपने कार्य में लिया जा रहा है, जबकि पानी टैंकर के माध्यम से लाकर उपयोग किया जाना है। इस पूरे कार्य में रेलवे के अधिकारी आईडब्ल्यू की शह पर संपादित किया जा रहा है।



## टेंडर प्रक्रिया का नहीं हो रहा पालन

ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कार्य को निपटाने के लिए नियमों को ताक पर रखते हुए कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य को लेकर रेलवे द्वारा प्रस्तावित टेंडर प्रक्रिया एवं उसके नियमों के विपरीत मानकों एवं प्रावधानों को दरकिनार करते हुए गुणवत्ताहीन कार्य करने में जुटे हैं। प्लेटफार्म नंबर दो और तीन में किए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर रेलवे प्रशासन मूकदर्शक की भूमिका निभा रहा है।

## बिना परमिशन जेसीबी से कराया जा रहा कार्य

24 घंटे निरंतर दौड़ती व्यस्ततम रेल पटरी पर बिना परमिशन के रेलवे ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदाई बदस्तूर जारी है, जबकि रेल की विद्युत लाइन के नीचे जेसीबी के साथ मजदूरों से काम लिया जा रहा है। इस दौरान अगर किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी ठेकेदार या फिर रेलवे प्रशासन की होगी।

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिक उठाएं शिविर का लाभ : द्विवेदी

**अनूपपुर नवभारत।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत असंगठित श्रमिकों के लिए पेंशन योजना हेतु प्रथम चरण अंतर्गत शहरी क्षेत्र में 15 से 15 फरवरी तक पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला श्रम पदाधिकारी अनुव्रत देव द्विवेदी ने बताया कि शिविर का असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक जैसे-आटो, रिक्सा, चालक, सफाईकर्मी, रेहडी पटरी वाले मजदूर, घरेलू काम काज करने वाले मजदूर, किसान (असंगठित) लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर जिनकी आयु 18 वर्ष से कम न हो तथा 40 वर्ष से अधिक न हो, आयकरदाता न हो तथा मासिक आय 15,000 रूपये से अधिक न हो वे सभी इसके लिए पात्र हैं।

# बढ़ते अपराध के खिलाफ युकां की पैदल यात्रा

**पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**अनूपपुर नवभारत 29 जनवरी।** कोतमा अनुभाग क्षेत्र में बढ़ते अपराध, अवैध गतिविधियों एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई। जो भालूमाड़ा मजदूर चौक से प्रारंभ होकर एसडीओपी कार्यालय कोतमा पहुंची, जहां अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को एक ज्ञापन सौंपा।

पदयात्रा के दौरान अवैध शराब, नशीले पदार्थों की बिक्री, रेत चोरी, अवैध उत्खनन, सट्टा, गांजा तस्करी, गौ-तस्करी, चोरी, बलात्कार, एवं हत्या जैसी गंभीर घटनाओं को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि कोतमा अनुविभाग क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम नागरिक, महिलाएं एवं युवा स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।




## ठोस एवं सख्त कार्यवाही की मांग

ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र में भू-माफिया एवं तस्करों के हौसले बुलंद हैं और कई मामलों में केवल औपचारिक कार्यवाही कर अपराधियों के हौसले और बुलंद किए जा रहे है। अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं गौ तस्करी जैसे अपराधों में केवल खानापूर्ति के लिए कार्यवाही नहीं, बल्कि ठोस व सख्त कार्यवाही की जाए। अंत में मानवेन्द्र मिश्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो युवा कांग्रेस आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

## इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष कोतमा नदीम अशरफी, संध्या वर्मा, बिलाल हुसैन, अमित सिंह, बिलाल खान, पंकज पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, रितेश सिंह, जयप्रकाश पाण्डेय, उदय अहिरवार संदीप यादव, शिवम सराफ, ब्लाक अध्यक्ष कोतमा, सूर्य प्रताप सिंह, रोहन, रवि जयकार, अलकम, मक्कू दादा, राजा केवट, शनि केवट, विनोद, अशोक केवट, राजू, सनिल, वशीम एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# 19 बच्चे नि :शुल्क सर्जरी के लिए चयनित

**अनूपपुर नवभारत 29 जनवरी।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिला चिकित्सालय अनूपपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सहयोगी संस्था नारायणा हृदयालय लिमिटेड, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. प्रिया प्रधान सीनियर पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा नि:शुल्क जन्मजात हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन गुरूवार को किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए कुल 42 बच्चों का पंजीयन कर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विस्तृत परीक्षण किया गया। जांच उपरांत 19 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के अंतर्गत नि:शुल्क सर्जरी हेतु चयनित किया गया है। इसके अतिरिक्त 03 बच्चों को उच्च स्तरीय जांच एवं उपचार परामर्श हेतु नारायणा हृदयालय, मुंबई रेफर किए जाने हेतु चिन्हित किया गया है।

## इन्होंने दी सेवाएं

शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. एसआर परस्ते, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एससी राय, नोडल डॉ. मोहन सिंह श्याम, नोडल डॉ. वीरेंद्र खेस, नोडल डॉ. कमलेश बघेल, निश्चय चतुर्वेदी, टीम के चिकित्सका डॉ. प्रीति जैन, डॉ. एसएन पिटानिया, डॉ. केपी सिंह, डॉ. राज साहू, स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बालिकाओं के अधिकारों की दी गई जानकारी

**विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित**

**अनूपपुर नवभारत 29 जनवरी।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर माया विश्वलाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गुरूवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में बाल विवाह मुक्त भारत के अन्तर्गत जिला न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया एवं विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल की उपस्थिति में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला न्याशयाधीश ने उपस्थित विद्यार्थियों को गुड टच बैड टच, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम, बालिकाओं का अधिकार एवं नालसा की आशा योजना के अन्तंर्गत विस्तृत जानकारी दी। उन्हों ने बताया कि बाल विवाह बच्चों के भविष्यक के लिए घातक है। इससे शिक्षा, स्वानस्य्रो और विकास पर बुरा प्रभाव पडता है। कानूनन लडके की उम्र 21 वर्ष और लडकी की उम्र 18 वर्ष से पहले विवाह करना अपराध है।




## मैत्रीपूर्ण स्कीम 2024 की जानकारी दी

शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल द्वारा नालसा, बालकों के लिए मैत्रीपूर्ण स्कीम 2024 की जानकारी सहित विधिक सहायता, विधिक सलाह, मध्य,स्थोता की जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों को चाईल्डक हेल्पहलाईन नंबर 1098 एवं नालसा टोलफ्री नंबर 15100 से सहायता लने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यरमिक विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा, शिक्षक व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिविर में 40 विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस बने

**अनूपपुर नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में गुरूवार को विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाया जहां 40 विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना तथा जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह गौतम के समन्वित प्रयास से विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। शिविर में जिला परिवहन अधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी तथा ड्राइविंग लाइसेंस एवं लर्निंग लाइसेंस बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया।

# शैक्षणिक व प्रशासनिक मुद्दों पर की चर्चा

**केन्द्रीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक आयोजित**

**अनूपपुर नवभारत 29 जनवरी।** गुरुवार को केन्द्रीय विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर हर्षल पंचोली के प्रतिनिधि के रूप में उप जिला अध्यक्ष प्राशी अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम का प्रारम्भ उप जिला अध्यक्ष एवं समिति के सदस्यों द्वारा ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया 7 इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार तिवारी द्वारा समिति के सम्मानित सदस्यों को हरित पादप एवं स्वागत पत्र भेंट किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत का गायन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों एवं वर्तमान सत्र में विद्यालय में चल रही समस्त शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया।

## समस्याओं से जिला उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया

इसके पश्चात उप जिला अध्यक्ष को पूर्व में हुई प्रबंध समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय में कक्षा 11 संचालित कराने हेतु आ रही समस्याओं से जिला उपाध्यक्ष को अवगत कराया गया एवं इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष द्वारा विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों के सुचारू एवं अबाध संचालन हेतु आवश्यक भवन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

बैठक

**सीईओ अर्चना कुमारी ने बोर्ड परीक्षा के तैयारी संबंधित बैठक में शिक्षकों को दिए निर्देश, वास्तविक शैक्षणिक कठिनाइयों पर करें फोकस**

# विद्यार्थी जो प्रश्न हल नहीं कर पा रहे हैं, उन पर शिक्षक दें विशेष ध्यान

**अनूपपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने निर्देश दिए हैं कि बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को सुनियोजित रणनीति एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण में रिमेडियल कक्षाओं के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि रिमेडियल कक्षाओं में केवल औपचारिक पढ़ाई नहीं होकर विद्यार्थियों की वास्तविक शैक्षणिक कठिनाइयों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी आज जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक के दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों को निर्देशित कर रही थीं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने शिक्षकों को बताया कि रिमेडियल कक्षाओं के दौरान विगत वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराए तथा अब यह भी आवश्यक है कि विद्यार्थियों को किन विषयों तथा किन प्रश्नों को हल करने में कठिनाई हो रही है, इसकी पहचान कर सरल एवं सहज पद्धति से उन विषयों को समझाया और पढ़ाया जाए।



## विशेष रिमेडियल कक्षाएं संचालित की जाएं

उन्होंने निर्देशित किया कि नियमित विद्यालयीन समय के अतिरिक्त विशेष रिमेडियल कक्षाएं संचालित की जाएं। इन कक्षाओं में प्रतिदिन अलग-अलग विषयों को शामिल किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को प्रश्नों में आने वाली कठिनाइयों को चरणबद्ध तरीके से समझाया जा सके और उनकी शंकाओं का समाधान हो सके।

## प्री-बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा की

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने विद्यालय एवं विषयवार प्री-बोर्ड परीक्षा परिणामों तथा प्रश्नपत्रों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा उपरांत उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि गणित, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषयों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने हेतु अतिरिक्त प्रयास किए जाएं।

## समय प्रबंधन के महत्व की जानकारी दी जाए

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र हल करने के दौरान समय प्रबंधन के महत्व की भी विशेष जानकारी दी जाए। साथ ही प्रश्नपत्रों में 'अथवा' (वैकल्पिक) के रूप में दिए गए प्रश्नों में से केवल एक प्रश्न हल करने के नियम को स्पष्ट रूप से समझाया जाए, ताकि विद्यार्थी अनावश्यक रूप से दोनों प्रश्न लिखने में समय व्यर्थ नहीं करें और निर्धारित समय में प्रश्नपत्र पूर्ण कर सकें।

## विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है

बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब वे विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि रिमेडियल कक्षाओं की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाया जाए।

# इप्टा का राज्य सम्मेलन 3 अप्रैल से

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश जिले में भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का राज्य सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक अनूपपुर शहर में आयोजित किया जाएगा। जो अनूपपुर शहर के लिए गौरव, सम्मान और सांस्कृतिक उपलब्धि का विषय है, नगर को भारतीय सांस्कृतिक आंदोलन की ऐतिहासिक और गौरवशाली परंपरा से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

राज्य सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु 28 जनवरी को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की कार्यप्रणाली, रूपरेखा और जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सम्मेलन के संचालन के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया जाएगा, जिसका नेतृत्व शहर की प्रमुख महिला हस्तियों द्वारा किया जाएगा। बैठक में पल्लविका पटेल, लक्ष्मी खेडिया, ममता गुप्ता, बिंदु सिंह, श्रद्धा सोनी, गिरीश पटेल, विजेंद्र सोनी, जीवेंद्र सिंह, हिरालाल राठौर, नोएल टी थॉमस, शुभम् गुप्ता सहित अनेक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता की।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

Office: Municipal Council Kotma Dt-Anuupur(M.P.) | Email-cmokotma@mpurban.gov.in Ph.(07658)233260

क्रमांक- 365/न.पा./ लो.नि./नि.सू./2025-26 **निविदा-सूचना** कोतमा, दिनांक 29/01/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_478227_1 Date 27/01/2026 | वार्ड क्र. 13 हरओम के घर से सूरज ताम्रकार के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 04 माह 370902.00 | 2000.00 3720.00 | 17/02/2026 |
| 2 | 2026_UAD_478228_1 Date 27/01/2026 | वार्ड क्र. 13 सुरेश कोल से विपन नामदेव के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 04 माह 576212.00 | 2000.00 5770.00 | 17/02/2026 |
| 3 | 2026_UAD_478229_1 Date 27/01/2026 | वार्ड क्र. 08 एस. एल. चक्रधारी से सुनील गौतम तक पेवर फिक्सिंग कार्य। | 04 माह 286164.00 | 2000.00 2870.00 | 17/02/2026 |
| 4 | 2026_UAD_478230_1 Date 27/01/2026 | वार्ड क्र. 07 दिनेश गुप्ता से आलोक शर्मा के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 04 माह 335874.00 | 1000.00 3360.00 | 17/02/2026 |
| 5 | 2026_UAD_478231_1 Date 27/01/2026 | वार्ड क्र. 04 जगदीश सोनी से एम.पी.ई.बी तक पेवर फिक्सिंग कार्य। | 04 माह 269891.00 | 2000.00 2700.00 | 17/02/2026 |
| 6 | 2026_UAD_478245_1 Date 27/01/2026 | वार्ड क्र. 07 जमशेद से अफसर अली के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 04 माह 607363.00 | 2000.00 6080.00 | 17/02/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद कोतमा जिला-अनूपपुर (म.प्र.)